UP Board Solutions for Class 6 Geography Chapter 8 भारत का भौतिक स्वरूप

अभ्यास

प्रश्न 1.
निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए
(क) उत्तर के मैदानी भाग की विषेशताएँ लिखिए। आपको निवास भारत के किस प्राकृतिक क्षेत्र के अन्तर्गत है?
उत्तर
उत्तर का मैदानी भाग विश्व का सबसे विस्तृत समतल मैदान है जो भारत में लगभग 2400 किलोमीटर लंबाई में फैला है। यह मैदान सिंधु, गंगा, ब्रह्मपुत्र और इनकी सहायक नदियों के द्वारा लाई गई उपजाऊ जलोढ़ मिट्टी से बना है।

(ख) पठार और पर्वत में अन्तर बताइए।
उत्तर
पठार- धरातल का वह भाग जो पर्वत से नीचे और मैदान से ऊपर होता है तथा जिसका ऊपरी भाग सपाट हो, ढाल सामान्य हो तथा किनारों का ढाल तीव्र हो, पठार कहलाता है। पर्वतधरातल का वह भाग जो आस-पास के क्षेत्र से बहुत ऊँचा हो तथा जिसका आधार बहुत चौड़ा और शिखर नुकीला हो, पर्वत कहलाता है।

(ग) पठार और मैदानी भाग में अन्तर स्पष्ट कीजिए ?
उत्तर
धरातल पर मिलनेवाले अपेक्षाकृत समतल निम्न भू-भाग को मैदान कहते हैं। इनका ढाल एकदम न्यून होता है तथा ऐसे क्षेत्रों में नदियों का प्रवाह धीमे पड़ जाता है। समुद्र तट से इनकी ऊँचाई 200 मीटर की जमीन से पर्याप्त ऊँचा होता है और जिसका ऊपरी भाग चौड़ा व सपाट हो। पठार कहलाता है। सागर तल से इनकी ऊँचाई 300 मीटर तक होती है।

1. हिमाद्री
2. लघु या मध्य हिमालय
3. शिवालिक श्रेणी

(घ) द्वीप और प्रायद्वीप में क्या अन्तर है ? उदाहरण देते हुए स्पष्ट कीजिए।
उत्तर
द्वीप जल के बीच स्थित स्थंल भाग को कहा जाता है। यह चारों ओर समुद्र से घिरा हुआ कोई प्रदेश या भू-भाग होता है जबकि प्रायद्वीप भूमि का वह हिस्सा है जिनके तीन तरफ जल और एक तरफ स्थल होता है। जैसे कि भारत का श्रीहरिकोटा एक द्वीप है जबकि कोलाबा एक प्रायद्वीय है।

(ङ) मरुस्थलीय क्षेत्र में वनस्पति कम क्यों पाई जाती है ?
उत्तर
यह सूखा, गर्म और रेतीला होता है, इसलिए यहाँ वनस्पतियाँ कम पाई जाती हैं।

(च) भारत की अर्थव्यवस्था में उत्तर के पर्वतीय भाग का योगदान क्या है ?

उत्तर

भारत की अर्थव्यवस्था में उत्तर के पर्वतीय भाग का महत्वपूर्ण योगदान है। इस भाग में अनेक रमणीक स्थल हैं जो पर्यटन को बढ़ावा देकर देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करते हैं।

प्रश्न 2.

निम्नलिखित कथनों के सामने सत्य/असत्य लिखिए-

उत्तर

(क) विश्व का सबसे ऊँचा पर्वत शिखर माउण्ट एवरेस्ट है। **सत्य**

(ख) मसूरी, कुल्लू, दार्जिलिंग आदि पर्यटक स्थल शिवालिक श्रेणी में स्थित हैं। **असत्य**

(ग) उत्तर के मैदानी भाग का ढाल पूरब से पश्चिम की ओर है। **असत्य**

(घ) गंगा एवं ब्रह्मपुत्र नदियों द्वारा बनाए गए विश्व के सबसे बड़े डेल्टा का नाम सुन्दरवन है। **सत्य**

(ङ) लक्षद्वीप, मँगे से बना द्वीप है। **सत्य**

प्रश्न 3.

रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए-

उत्तर

(क) हिमालय के सबसे दक्षिण में स्थित पर्वत श्रृंखला को **शिवालिक श्रेणी या उपहिमालय** कहते हैं।

(ख) गंगा नदी का उद्गम स्थल **गंगोत्री** हिमनद है।

(ग) थॉर के मरुस्थल की प्रमुख नदी **लूनी** है।

(घ) चम्बल और बेतवा नदियाँ, **यमुना** नदी की सहायक नदियाँ है।

(ङ) भारत के दो द्वीपसमूह, लक्षद्वीप तथा **अण्डमान और निकोबार** हैं।

https://www.evidyarthi.in/